प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्विद्यालय,लखनऊ में दिनांक 26 सितम्बर 2022 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत संगीत क्लब और सांस्कृतिक क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

संगीत क्लब द्वारा विधिता में एकता विषय पर लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित इस प्रतियोगिता में लोक गीत में छः विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अवधी, भोजपुरी, बिहारी एवं गुजराती लोक गीत गाए । इस प्रतियोगिता में अनिकेत प्रभाकर, वैष्णवी मिश्रा, सचिदानंद पांडेय विजेता बने लोक नृत्य में आठ विद्यार्थियों ने गुजराती, अवधि, कश्मीरी, राजस्थानी एवं हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत किए जिसमें रंजना गुप्ता, साम्राज्ञी शौर्य पटेल, नशरा युसूफ विजेता रहे । इन प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ पूनम चौधरी, डॉ मज़हर खालिक एवं डॉ साइमा अलीम द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक क्लब द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर फैशन शो का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभागी एवं दर्शक के रूप में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भारत के अलग अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कल्चर और वेशभूषा को वेशभूषा के माध्यम से विद्यार्थियों ने बख़ूबी प्रस्तुत किया। फैशन शो कार्यक्रम में 30 टीमों ने भाग लिया जिसमें 60 प्रतिभागी रहे । सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो० एन ० बी० सिंह ने बधाई दी और आयोजकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ दोआ नक़वी, प्रभारी सांस्कृतिक क्लब द्वारा दिया गया।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ